**बाढ़ प्रबंधन** • लखनदेई नदी की पुरानी धार को पुनर्जीवित करने की योजना का किया निरीक्षण

# सीतामढ़ी में लखनदेई नदी की पुरानी धार पुनर्जीवित, सीएम के दौरे के समय ही लिंक चैनल में आया पानी

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड के खाप गांव में लखनदेई नदी की पुरानी धार को पुनर्जीवित करने की योजना का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों से लखनदेई नदी की उड़ाही और लिंक चैनल निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान लिंक चैनल में पानी को देखकर मुख्यमंत्री काफी प्रसन्न हुए और जिलाधिकारी को तत्काल यह निर्देश दिया कि आज ही नए बने लिंक चैनल को चालू करा दिया जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शिवहर जिले के निर्माणाधीन बेलवा डैम प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बागमती कार्य प्रमंडल के वरीय पदाधिकारियों से इस प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, जल ससाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, तिरहुत प्रमंडल के आईजी पंकज सिन्हा, जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन बेलवा डैम प्रोजेक्ट का भी किया मुआयना, पदाधिकारियों को दिए निर्देश




लखनदेई नदी के लिंक चैनल में आया पानी और निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार व मंत्री संजय झा।

## सीएम की सुरक्षा में फिर चूक, काफिले में घुसी कार



पटना | मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में एक बार फिर चूक हो गई। मुख्यमंत्री सुपौल जाने के लिए आवास से निकले। इसी बीच आवास से आगे और जू गेट के बीच एक कार विपरीत दिशा से आ गई। सुरक्षा कर्मियों ने उस कार को रोक दिया। एसएसपी ने कहा कि कार पहले से वहां खड़ी थी। सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई। इससे पहले इसी साल मार्च में बख्तियारपुर में और अप्रैल में नालंदा में सीएम की सुरक्षा में चूक हुई थी।

## पुणे के सेंटर वाटर एंड पावर रिसर्च स्टेशन के बाद देश का दूसरा संस्थान बिहार में

**वीरपुर/पटना** | वीरपुर में 94.01 करोड़ की लागत से बनने वाले एशिया के सबसे बड़े फिजिकल मॉडलिंग सेंटर का निरीक्षण करने सीएम नीतीश कुमार शुक्रवार को हवाई मार्ग से वीरपुर पहुंचे। उनके साथ जल संसाधन मंत्री संजय झा भी थे। यहां से सीएम का काफिला वीरपुर के फिजिकल मॉडलिंग सेंटर पहुंचा, जहां कराये जा रहे कार्यों का उन्होंने निरीक्षण किया। सीएम ने मौके पर मौजूद चीफ इंजीनियर मनोज रमन से कार्य के प्रगति की जानकारी की और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। नदियों के हाइड्रोलिक गुणों के अध्ययन के लिए यह पुणे के सेंटर वाटर एंड पावर रिसर्च स्टेशन के बाद भारत का दूसरा संस्थान होगा।